## खबर संक्षेप

### 5 अप्रैल तक जमा कर सकते हैं छात्रवृत्ति फार्म

**कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्यनरत सत्र 2022-23 एवं 2023- 24 पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति ओबीसी,एससी, एसटी (नवीन एवं नवीनीकरण) के ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात छात्रवृत्ति फॉर्म महाविद्यालय में जमा नहीं किया है, वे सभी छात्र-छात्राए 05 अप्रैल तक अपना फॉर्म समस्त आवश्यक दस्तावेज सहित महाविद्यालय में जमा कर सकते है। ताकि छात्रवृत्ति फार्म का सत्यापन समय से हो सके एवं सभी विद्यार्थियों को एबीसी (एकेडमिक बैंक का क्रेडिट) आईडी बनवानें हेतु कहा गया है। विश्वविद्यालय के आदेश अनुसार आपके मार्कशीट, आधार कार्ड तथा एबीसी आईडी कार्ड में विद्यार्थी का नाम एक समान होना चाहिए यदि ऐसा नहीं है तो ऐसे विद्यार्थी अपने आधार कार्ड में मार्कशीट के अनुसार अपना नाम 5 अप्रैल तक संशोधित कराने तथा उसी अनुसार एबीसी आईडी कार्ड भी अपडेट कराने के निर्देश दिए गए है।

### आओ मिलकर अलख जगायें शत-प्रतिशत मतदान करायें

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत निर्देशन स्वीप गतिविधियां के तहत दीवारों में मतदान संबंधी स्लोगन लिखकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रंखला में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत पड़रभटा, हरदुआ कलॉ, सी.एम.सी.एल.डी.पी छात्र शिवम वर्मा, सुमित सिह, अखलेश कुमार मेहरा, शिवानी मेहरा, द्वारा दीवारों में मतदान संबंधी स्लोगन प्रदर्शित किये जा रहे है। मतदान स्लोगन में बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, बूढे हो या जवान सभी करे मतदान, जब भी वोट डालने जाये पहचान पत्र साथ मे लाये, लालच देकर वोट जो मांगे भ्रष्टाचार करेगा आगे। उम्र 18 पूरी है मतदान करना जरूरी है के स्लोगन प्रदर्शित किये गए।

### विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं में प्रवेश दिलाने निर्देश

**कटनी।** जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिह द्वारा जिले के समस्त शासकीय माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापकों को विद्यालय में कक्षा 8वीं में उत्तीर्ण होनें वाले सभी विद्यार्थियों के स्थानान्तरण प्रमाण पत्र, टी.सी अपने नजदीकी शासकीय हाईस्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य को उपलब्ध कराते हुए सभी विद्यार्थियों का प्रवेश कक्षा 9वीं में करानें हेतु निर्देशित किया है।

### वृद्धों एवे दिव्यांगनों को मतदान कराने सौंपे दायित्व

**कटनी।** सहायक रिर्टनिंग ऑफिसर बड़वारा द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के होम वोटिंग 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांगजनों का मतदान के सफल संचालन एवं निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू निष्पादन हेतु लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 शहडोल के अभ्यर्थियों को उनके द्वारा नियुक्त अभिकर्ता एवं प्रतिनिधियों को 8 अप्रैल को संपादित कराये जाने वाले कार्यो के दौरान अनिवार्य रूप से उपस्थित रहनें हेतु सूचित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 8 अप्रैल को प्रातः 4 बजे कटनी स्थित जिला कोषालय से मतपत्र प्राप्त करने की कार्यवाही की जायेगी इस हेतु प्रभारी अधिकारी इशरार खान नायब तहसीलदार बड़वारा को संपर्क अधिकारी नियुक्त किया है। प्रातः 5 बजे से जिला कोषालय से प्राप्त मतपत्र तहसील कार्यालय ढीमरखेड़ा के स्ट्रांग रूम में वितरण हेतु सुरक्षित रखने की कार्यवाही की जायेगी इस हेतु संपर्क अधिकारी मुकेश कुमार बर्मन निर्वाचन शाखा ढीमरखेड़ा तथा मूल शंकर पौराणिक को नियुक्त किया गया है। प्रातः 6 बजे से मतपत्र एवं अन्य मतदान सामग्री मतदान पेटी आदि सामग्री का वितरण कार्य ढीमरखेड़ा से किया जायेगा।

### बड़वारा क्षेत्र में जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते वाहन चालकों की मनमानी

# बिना नंबर वाहनों में ओवरलोड परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



शहर से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक में सरकार द्वारा सड़को के निर्माण व विस्तार की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। गांव से मुख्य शहरो को जोड़ने हुये बेहद सार्थक प्रयासो में प्रशासनिक लापरवाही व ओवरलोड वाहन चालको की मनमानी सामने आई है। ओवरलोड भारी वाहन सड़को का सत्यानाश कर रहे है। भारी वाहनो में पटरे लगाकर ओवरलोड सामग्री का परिवहन करना प्रतिबंधित है बावजूद इसके भारी वाहनो में नियमों को धता बताकर मनमाना परिवहन किया जा रहा है। इस तरह जिला प्रशासन के जनहित में जारी दिशा निर्देशो पर अमल होता नही दिख रहा है।

दरअसल गिटटी, पत्थर लोड भारी भरकम हाईवा, डंपर बेरोकटोक सड़को पर दौड़ रहे है। 50-50 टन वजनी हाईवा जहां से भी गुजरते है वही सड़को की शामत आ जाती है। सड़क टूटने के अलावा कभी दबकर ढाल बनने तो कही अधिक दवाब से गढडा बन जाता है। यदि सड़क एक बार उखड़ी तो फिर उसी पर से वाहनों की लगातार आवाजाही की वजह से उखड़ती चली जाती है और बिना किसी हादसा या हो हल्ला के मरम्मत भी नही होती।

#### अप्रिय घटना की रहती है आशंका

हाईवा एवं डंपर वाहनों में गिट्टी, पत्थर का ओवरलोड परिवहन से राहगीरों सहित वाहन चालकों पर अप्रिय हादसे का खतरा बना रहता है। कई बार गड्ढों या ब्रेकर से जब वाहन गुजरते हैं तो ओवर लोड सामग्री नीचे गिर जाती है ऐसे में हादसे होने की आशंका बनी रहती है। सब कुछ आंखों के सामने होता देखकर भी जिम्मेदार आंखे मूंदकर बैठ हैं।

सड़को का दम निकाल रहे भारी भरकम ओवरलोड वाहनों पर कभी कभार ही दिखावे की कार्यवाही होती है। वाहन सुडडी, बसाड़ी, बड़वारा, उमरिया, चंदिया रोड होकर पहुंचते है। इस दिशा में न तो परिवहन अधिकारी न ही खनिज विभाग के अधिकारी ध्यान नही दे पा रहे है। नतीजन सड़के बर्बाद हो रही है। ग्रामीण सड़को के अलावा शहर की अंदरूनी सड़को में भी भारी वाहनों की धमाचौकड़ी से न सिर्फ सड़क खराब हो रही है।

#### धमाचौकड़ी से मुसीबत

शहडोल हाईवे पर तहसील मुख्यालय बड़वारा बस्ती के बाहर से बायपास मार्ग बना हुआ है बावजूद इसके आज भी बीच बस्ती से भारी वाहनो की आवाजाही पर पूरी तरह विराम नही लग सका है। रिहायशी क्षेत्र से भारी वाहनो की आवाजाही से पूर्व में अनेक हादसे हो चुके है। अकाल मौत भी हो चुकी है। बावजूद इसके भारी वाहनो की आवाजाही नही थम रही है। जगह जगह पर सड़क में गड्ढे भी है इसी वजह से हादसे का अंदेशा बना रहता है। इतना सब होने के बावजूद समस्या की ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। उखड़ी सड़क की गिट्टियां उचटकर लोगो को लगती है। नशे की हालत में वाहन चालन की बजह से हादसे का खतरा और बढ़ जाता है। कोयला प्लांट की वजह से भारी वाहनो की धमाचौकड़ी और बढ़ गई है।

#### रसूक की आड़ में नियमो धता

ओवरलोड भारी वाहनो पर नियमित कार्यवाही न होने के पीछे एक वजह राजनीतिक दल से जुड़े नेताओं के वाहन है। ऐसे वाहनों को छोड़कर ही अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जाती है जिनकी गिनती बेहद कम है। गौरतलब है कि टाटा, महिन्द्रा जैसी अनेक कंपनियों के हाईवा जिनकी क्षमता के हिसाब से बाडी तो बना दी गई है लेकिन ओवरलोडिग के लिये वाहन मालिको द्वारा अलग से पटरा लगाकर रेत ढोई जा रही है। इसी वजह से सड़के ध्वस्त हो रही है।



## देशी कट्टा व कारतूस लेकर घूम रहे युवक को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

देशी कट्टा लेकर घूम रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद की गई है। कोतवाली प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मुड़वारा रेल्वे स्टेशन सिविल लाईन जाने वाले मार्ग के किनारे पानी की टंकी के पास एक दुबला पतला लंबा सा लड़का अपने कमर में रिवाल्वर रखे हुए है। वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए कोतवाली प्रभारी ने टीम गठित कर मुखबिर के बताए स्थान पर रवाना किया गया। टीम के द्वारा मुड़वारा स्टेशन से सिविल लाईन जाने वाले मार्ग के पास बताए हुलिए के लड़के को घेराबंदी करके पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी साहिल सोनी पिता ओमप्रकाश सोनी 21 वर्ष नि. संतनगर पेठा गली की कमर में 01 देषी कट्टा 315 बोर जिसमें 01 जिंदा कारतूस लोड था खोंसे हुए था। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। पकड़े गए आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली कटनी में पूर्व से 03 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. आषीष कुमार शर्मा, उनि. रामचंद्र शुक्ला, अरूणपाल सिह, सउनि. कप्तान सिंह, प्र.आर. वीरेन्द्र सिंह, अनिल सेंगर, पुष्पराज सिंह, आरक्षक पलाश दुबे, अजय सिंह, अमित सिंह, उपेन्द्र सिंह, मंसूर हुसैन, दिनेष चंद की अहम भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा पूरी टीम को पुरूष्कृत करने की घोषणा की गई है।

### कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश

## एक को 6 माह तो दूसरे आदतन अपराधी को 1 वर्ष के लिये किया गया जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत दो आदतन अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही करते हुए एक आदतन अपराधी को 6 माह की अवधि तथा दूसरे को एक वर्ष की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमा से निष्कासित करने का आदेश पारित किया है। जिला दण्डाधिकारी ने दोनों अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री प्रसाद द्वारा जिन व्यक्तियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की गई है उनमें रंगनाथ नगर थाना क्षेत्रांतर्गत मदन मोहन चौबे वार्ड निवासी मोनू उर्फ शुभम यादव पिता समय लाल यादव उम्र 35 वर्ष के विरूद्ध 2010 से अब तक कुल 9 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हुए है जो विभिन्न न्यायालयों में प्रचलित है। इनमें जनमानस के साथ गाली- गलौच कर मारपीट कर घायल करने, जान से मारने की नियत से प्राणघातक हमला करना, धमकी देना, जुआ खेलना, अवैध वसूली करना जैसे गंभीर अपराध पंजीबद्ध है। मोनू अपने साथियों के साथ आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होकर सार्वजनिक सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कये हुए है जो समाज एवं कानून के लिए चिंता का विषय है। लोकसभा निर्वाचन कार्य प्रभावित होने की संभावना के मद्देनजर कलेक्टर ने मोनू को 6 माह की अवधि के लिए कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से निष्कासित किया है।

इसी प्रकार एक अन्य आदेश में कलेक्टर ने रंगनाथ थाना नगर झर्रा टिकुरिया मस्जिद के पास रामनिवास सिंह वार्ड निवासी अभिषेक ठाकुर उर्फ मोनू ठाकुर पिता देवेन्द्र सिंह ठाकुर 30 वर्ष के विरूद्ध आमजनमानस के साथ जान से मारने की नियत से प्राणघातक हमला करने , हत्या करना, बलवा करना, एक्सीडेंट करना तथा गंभीर घटन करनें की नियत से अवैध विस्फोटक पदार्थ कब्जे कब्जे में रखना, फायरिंग करना जैसे गंभीर 8 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध और विभिन्न न्यायालयों में प्रचलित है। कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन कार्य प्रभावित होने की संभावना के मद्देनजर अभिषेक को एक वर्ष की अवधि के लिए कटनी जिले की राजस्व सीमाओं और समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

दोनो आदतन अपराधियों को न्यायालय में नियत पेशी पर उपस्थित होने की अनुमति रहेगी। लेकिन इसकी लिखित सूचना संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में देनी होगी।

### मालवाहक में सवारियां ले जाने पर की गई कार्यवाही



पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ के.पी. सिंह के व्दारा सभी थाना प्रभारियों को माल वाहक वाहनो में सवारी ले जाने से लगातार हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिये कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तारतम्य में थाना बरही द्वारा गुरूवार को वाहन चैकिंग एव चालानी कार्यवाही के दौरान एक माल वाहक ट्रक क्र.MP 15 G 2832 में करीबन 20 से 25 लोगों को बैठाकर ले जाते पाये जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत परमिट की शर्तों नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने पर उक्त ट्रक मोटरव्हीकल एक्ट की धारा 66/192 के तहत जप्त कर इस्तगासा तैयार कर अग्रिम कार्यवाही के लिए न्यायालय पेश किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव , उप निरी. विनोदकांत , स.उ.निरी.रामसखा वर्मा, सउनि महेश प्रताप सिंह एवं वाहन चालक संजय पाडेय आदि थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही

## मतदान केन्द्रों की व्यवस्था देखने पहुंचे कलेक्टर, गलियों में घूम लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर अवि प्रसाद पटवारा गांव के भ्रमण के दौरान यहां की गलियों और नालियों की बेहतर साफ- सफाई को देखकर बेहद खुश हुए। गांव की स्वच्छता के लिए कलेक्टर ने ग्रामीणों की मुक्त कंठ से सराहना की। कलेक्टर श्री प्रसाद जब ग्राम पटवारा के स्कूल मे बने मतदान केन्द्र तक पहुंचने के लिए गांव की गलियों मे पैदल चले तो उन्हे पूरे गांव मे साफ- सफाई और स्वच्छता दिखी। उन्होंने जब ग्रामीणों से चर्चा की तो पता चला यहां 10 दूध डेयरी होने और लगभग हर घर मे पालतू पशु होने के बाद भी गांव की गलियां और नालियॉ पूरी तरह से व्यवस्थित और साफ- सुथरी है। कलेक्टर को गलियों मे घूमने के दौरान कहीं भी सड़कों में गोबर और गंदगी देखने को नहीं मिली। कलेक्टर श्री प्रसाद ने यहां साफ - सफाई देखकर गांव के लोगों की स्वच्छता के प्रति जागरूकता की सराहना की। यहां पटवारा के सरपंच संजीव कुमार पटेल ने कलेक्टर को बताया कि गांव को स्वच्छ रखने में ग्रामीणों का पूरा सहयोग मिलता है।

करीब 280 घरों और 1514 की आबादी वाला पटवारा गांव खुले मे शौच से मुक्त है। ग्राम पंचायत भवन के पास बने नाडिप पिट में गांव का सूखा कचरा और गीला कचरा डाला जाता है। जो अंत मे कंपोस्ट बन जाता है। गांव में 8 शासकीय हैंडपंप लगे है। इसके अलावा कई लोगों ने अपने घरों में निजी नलकूप लगवाये है।

#### गांव में दिखी स्वच्छता

जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित पटवारा गांव साफ-सफाई के मामले मे मिसाल बन गया है। कलेक्टर गांव की गली-गली घूमे, लेकिन उन्हे कही भी कूडा-कचरा, इधर - उधर बिखरा नहीं दिखा। सीमेन्टेड पक्की सडकें और पक्की बनी नालियां भी स्वच्छ दिखी । मूलतः पशुपालक गांव पटवारा मे 10 दूध डेयरियों के होने के साथ - साथ यहां करीब साढे. 4 सौ पालतू पशु होने के बाजजूद गांव की सड़कों में कही भी गोबर नहीं दिखा।

### आचार संहिता का उल्लंघन करने पर की गई कार्यवाही

## बिना अनुमति रात में डीजे बजाने पर की गई कार्यवाही, साउंड बाक्स जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आचार संहिता के दौरान बगैर अनुमति देर रात डीजे बजाकर शांति व्यवस्था भंग करना डीजे संचालक को महंगा पड़ा। कोतवाली पुलिस ने डीजे जप्त करते हुए संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को शांति पूर्ण संपन्न कराने एवं आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराये जाने हेतु निर्देषित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्षन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. आषीष कुमार शर्मा द्वारा क्षेत्र में लगातार पैदल भ्रमण कर आमजन को आचार संहिता का पालन करने की समझाईश दी जा रही है। साथ ही प्रतिदिन सघन वाहन चैकिंग लगाकर वाहनों की चैकिंग, गुण्डा, बदमाषों की चैकिंग, गिरफ्तारी, स्थाई वारंटों की अधिक से अधिक तामीली, अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की जा रही है।

सूचना प्राप्त हुई कि रोचलानी चौराहा के पास नई बस्ती में साउण्ड बाक्स लगाकर डी.जे. बजाया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा तत्काल स्टॉफ को मौके पर भेजा गया। मौके पर उपस्थित संदीप सोनी से आचार संहिता के दौरान डी.जे संचालन किए जाने के संबंध में अनुमति पत्र की मांग की गई, जिसके द्वारा कोई अनुमति लेना नही बताया गया।

डी.जे संचालक संदीप सोनी निवासी राबर्ट लाईन थाना माधवनगर द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए बिना अनुमति रात्रि लगभग 11 बजे तेज आवाज में डीजे का संचालन करते हुए पाए जाने पर साउण्ड बाक्स को जप्त कर थाना लाया गया एवं थाना कोतवाली कटनी में धारा 188 भादवि. 7/15 कोलाहल अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

## रैली एवं नारों से शत प्रतिशत मतदान के लिए किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले मे आयोजित हो रही मतदाता जागरूकता स्वीप गतिविधियों के तहत शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत वनगवां में आर. सी. इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित किया जा रहा है।

शिविर में मेरा पहला वोट देश के लिए एवं मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत खन्ना एवं डोकरिया गांव में जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, मेरा पहला वोट, देश के लिए, अंकल आंटी मान जाओ, वोट डालने की कसम खाओ, बड़े बूढ़े हो या जवान, सभी करे अपना मतदान, जो बाटे दारू नोट, उनको कभी न देना वोट आदि नारों के उदघोष, नारा लेखन के माध्यम से ग्रामीण जनों को आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवा, भावी एवं अन्य सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताना साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव मतदान दिवस को मतदान केंद्रों में जाकर अधिक से अधिक मतदान स्वयं करने तथा अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में डॉ अरविन्द सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. के. के. विश्वकर्मा तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, विद्यालय संचालक धर्मपाल साहू, विक्रांत पाल साहू, एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

#### छात्राओं ने मेंहदी लगाकर दिया मतदान करने का संदेश

जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ानें हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन में जिले में स्वीप गतिविधियां आयेजित की जा रही है। इसी कड़ी में जिला पंचायत के सी.ईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन मे शासकीय महाविद्यालय सिलोंडी में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए मेंहदी लगाकर मेरा वोट मेरा अधिकार तथा निष्पक्ष एवं निर्भीकता से मतदान करनें का संदेश दिया। प्रतियोगिता उपरांत छात्राओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने तथा इस हेतु अपनें अभिभावकों तथा आस-पडोस के लोगों को भी प्रेरित करनें की शपथ दिलाई गई।

## स्वीप गतिविधियों के तहत चित्रकला कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के मददेनजर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोकतंत्र की दीवाल विषय पर दीवाल चित्रकला कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार 5 अप्रैल को अपरान्ह 4:30 बजे से कलेक्ट्रेट के मुख्य परिसर में जिला पंचायत की दीवल पर किया जायेगा। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार ज्योति सिहं तथा परियोजना प्रबंधक शबाना बेगम को रखा गया है।

जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री शिशिर गेमावत द्वारा जारी आदेश में दीवार चित्रकला कार्यक्रम की आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु नोडल अधिकारी का दायित्व प्राचार्य डॉ एस.के.खरे , डॉ चित्रा प्रभात, सहायक संचालक वनश्री कुर्वेती एवं जिला संयोजक पूजा द्विवेदी को सौपा जाकर विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को पृथक - पृथक दायित्व सौंपे है।

नोडल अधिकारी स्वीप श्री गेमावत द्वारा जारी आदेशानुसार कार्यक्रम स्थल पर कुर्सी टेबल एवं चूने की लाईन सहित अन्य व्यवस्थाओं हेतु आयुक्त नगर निगम, प्रतिभागियों की उपस्थिति का दायित्व प्राचार्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय कन्या महाविद्यालय, जिला परियोजना अधिकारी समन्वयक एवं जिला शिक्षा अधिकारी को सौपा जाकर कार्यक्रम स्थल पर बैनर, स्टेण्ड, पुरस्कार, फोटोग्राफी, प्रमाण पत्र एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करानें के निर्देश दिए है।

## खबर संक्षेप

### पर्वों के दौरान मांसाहार क्रय- विक्रय पर प्रतिबंध

**कटनी।** शासन के निर्देशानुसार 9 अप्रैल दिन मंगलवार को गुड़ी पड़वा, 10 अप्रैल दिन बुधवार को चैतीचांद, 17 अप्रैल को रामनवमी एवं 21 अप्रैल को भगवान महावीर जयंती होने के कारण समस्त मांसाहारी पदार्थ मुर्गी, मछली आदि का क्रय विक्रय प्रतिबंधित रहेंगे। शहर के आम नागरिकों एवं समस्त दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथियों को मांसाहारी पदार्थ खरीदने बेचने पर प्रतिबंध रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वालों पर शासन के निर्देशानुसार कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

### कमीशनिंग संबंधी कार्य 5 अप्रैल एवं 13 अप्रैल को

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा आदेश जारी कर लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 91 बड़वारा, 92 विजयराघवगढ़ एवं 93 मुड़वारा एवं 94 बहोरीबंद में ई.वी.एम कमीशनिंग की कार्यवाही हेतु नोडल अधिकारी ई.वी.एम मैनजमेंट के सहयोग हेतु शासकीय सेवकों की डियुटी लगायी गई है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार लोकसभा क्षेत्र शहडोल की विधानसभा बड़वारा हेतु 5 अप्रेल को प्रातः 9 बजे से तथा लोकसभा क्षेत्र खजुराहो की विधानसभा क्षेत्र हेतु 13 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से सहायक रिटर्निंग आफिसर स्ट्रांग रूम में उपस्थित होकर कमीशनिंग संबंधी कार्य दायित्वों का निर्वहन करने हेतु संलग्न शासकीय सेवकों को निर्देशित किया है।

### सुरक्षा में संलग्न कर्मियों को दिया गया फायर प्रशिक्षण

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर कृषि उपज मंडी परिसर में ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा हेतु संलग्न पुलिस बल के शासकीय सेवकों को अग्नि शामन यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण नगर निगम प्रभारी सहायक फायर नियंत्रक शैलेन्द्र दुबे द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था में संलग्न शासकीय सेवकों को स्ट्रांग रूम में स्थापित किये गए अग्निशामकों के आपातकालीन स्थिति मे संचालन की जानकारी प्रदान करते हुए उन्हे प्रशिक्षित किया गया।

### मोबाईल एप का उपयोग करने अधिकारियों को निर्देश

**कटनी।** जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी कम्यूनिकेशन प्लान शिशिर गेमावत ने संसदीय क्षेत्र खजुराहो एवं शहडोल अंतर्गत जिले की चारों विधानसभाओं के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्रों के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारियों को मतदान दिवस के दो दिवस पूर्व अनिवार्य रूप से मत प्रतिशत मोबाइल एप डाउनलोड कराने के निर्देश दिए है। नोडल अधिकारी कम्यूनिकेशन प्लान नें मतदान केन्द्रों के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारियों को सामग्री प्राप्ति उपरांत मतदान दल के रावाना होने से लेकर मतदान समाप्ति , मतदान केन्द्र से वापस रवानी, केन्द्र पर वापास लौटने तथा समग्री जमा करने तक की समस्त जानकारी अनिवार्य रूप से मोबाईल एप के माध्यम से दर्ज करने हेतु निर्देशत किया है।

### ईवीएम मशीनों की सीलिंग एवं कमीशनिंग

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग एवं सीलिंग हेतु जारी कार्यक्रम के तहत जिले के लोकसभा क्षेत्र शहडोल के निर्वाचन हेतु ईवीएम संबंधी कार्यवाहियां सहायक रिटर्निंग आफिसर्स, स्ट्रांग रूम कृषि उपज मंडी में की जाना प्रस्तावित है। लोकसभा क्षेत्र शहडोल हेतु 5 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से बेल इंजीनियर्स की उपस्थिति में ईवीएम सीलिंग, कमीशनिंग की कार्यवाही की जायेगी जबकि लोकसभा खजुराहो क्षेत्र हेतु उक्त कार्यवाही 13 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से कार्य समाप्ति तक की जायेगी। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार लोकसभा क्षेत्र शहडोल हेतु 6 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से कमीशनिंग की कार्यवाही उपरांत माकपोल की कार्यवाही की जायेगी।

### जान माल व पर्यावरण सुरक्षा को लेकर डीएम ने जारी किये थे आदेश

# प्रतिबंध के बावजूद नरवाई जलाने पर दो व्यक्तियों पर दर्ज हुई एफआरआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जान -माल और पर्यावरण की सुरक्षा के मद्देनजर नरवाई में आग लगाने के संबंध में हाल ही में जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर कल्लू रैकवार निवासी जरगवा पन्ना हाल मुकाम झिंझरी के विरुद्ध माधवनगर पुलिस थाना में बुधवार को एफआईआर दर्ज कराई गई है। कल्लू रैकवार द्वारा राममनोहर वार्ड स्थित सुधा चौदहा और अनमोल चौदहा की खसरा नंबर 611, 614, 612 और 619 के रकवा क्रमशः 0.35, .58, 0.34 और 0.28 हेक्टेयर भूमि को एक वर्ष के लिए 25 हजार रुपए में ठेके पर लेकर खेती बाड़ी की जा रही है। कल्लू रैकवार ने उल्लेखित रकवा में बोई गई गेहूं की फसल को काटने के बाद पड़ी नरवाई में 31 मार्च की शाम करीब 6 बजे आग लगा दी।

नरवाई में कल्लू रैकवार द्वारा लगाई आग गर्मी की वजह से दावानल बन गई और अंततः आग के भीषण स्वरूप पर फायर ब्रिगेड की मदद से काबू पाया जा सका। प्रशासन की सतर्कता और तत्परता की वज़ह से समय पर आग बुझाई जा सकी अन्यथा कोई बड़ी अनहोनी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता था।

माधवनगर पुलिस थाना में हल्का पटवारी श्यामचरण शुक्ला ने कल्लू रैकवार के विरुद्ध माधवनगर पुलिस थाना में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज कराया है। कल्लू के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 188 और आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57, 58, 59, और 60 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

इसी तरह स्लीमनाबाद पुलिस थाना में भी नरवाई जलाने के मामले में बुधवार को एफआईआर दर्ज हुई।

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जान -माल और पर्यावरण की सुरक्षा के मद्देनजर नरवाई में आग लगाने के संबंध में हाल ही में जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर बुधवार को ग्राम डुगरहाई स्लीमनाबाद निवासी सुमेर सिंह के विरुद्ध स्लीमनाबाद पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### कोटवार ने कराई एफआईआर

ग्राम डुगरहाई में खसरा नंबर 196/2रकबा 0.80 हेक्टेयर भूमि जो की नरबद सिंह पिता बुद्धू सिंह के नाम पर दर्ज है। नरबद सिंह के पुत्र सुमेर सिंह द्वारा उल्लेखित खसरा नंबर के खेत में बोई गई गेहूं की फसल काटने के बाद बुधवार 3 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे खेत में पड़ी नरवाई में आग लगा दी। देखते ही देखते आग फैल गई । ग्रामीणों की मदद से जिला प्रशासन के अमले ने आनन-फानन में आग बुझाई । इसके बाद इस कृत्य के लिए ग्राम कोटवार रामविशाल वंशकार ने थाना स्लीमनाबाद में पहुंच कर प्राथमिकी दर्ज कराया। स्लीमनाबाद पुलिस थाना में ग्राम कोटवार ने सुमेर सिंह के विरुद्ध बुधवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराया है।

# मुरूम के अवैध परिवहन पर 29 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**कलेक्टर के निर्देश पर की जा रही कार्यवाही**

कलेक्टर अवि प्रसाद ने खनिज गौण के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा नियमित निगरानी और नजर रखी जाकर खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप विगत दिवसों 1.8 घनमीटर ओवर लोड मुरूम का अवैध परिवहन के मामले में जप्त किये गए एक वाहनों से 29 हजार 116 रूपये की निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि वसूल कर जमा कराई गई।

जिला खनिज अधिकारी नें बताया कि विगत 25 फरवरी को पहरूआ कटनी बायपास के पास आकस्मिक निरीक्षण के दौरान 10 चक्का वाहन क्रमांक एम.पी. 53 एचए 1249 से अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, पवन सोनी पिता फूलचंद सोनी निवासी पहाड़ी निवार तहसील कटनी द्वारा 1.8 धनमीटर ओवर लोड मुरूम का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जप्त किया जाकर मध्यप्रदेश खनिज गौण नियम 2022 के नियम 20 के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की गई।

खनिज विभाग द्वारा जांच प्रतिवेदन के आधार पर अनावेदक को निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 29 हजार 116 रूपये जमा करनें का सूचना पत्र जारी किया गया। जिसपर अनावेदक उपस्थित होकर प्रशमन शुल्क की जमा करनें की बात कही जाकर वाहन मुक्त करने का अनुरोघ किया गया। जिला खनिज अधिकारी द्वारा अनावेदक से निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि जमा कराई जाकर प्रकरण विधि संगत कार्यवाही हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 2022 के नियम 20 के तहत परिवहनकर्ता के द्वारा प्रशमन शुल्क की राशि जमा होने पर जप्त खनिज, औजार, मशीनरी एवं अन्य सामग्री निर्मुक्त करनें के प्रावधान के अंतर्गत जप्त वाहन को मुक्त करने की कार्यवाही की गई है।

**लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने कर रहे जागरूक**

# मतदान के महत्व की दी जानकारी, दूसरों को भी प्रेरित करने दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में आयोजित की जा रही गतिविधियों के तहत शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर एवं डॉ. रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत वनगवां में आर. सी. इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित किया गया।

मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत बुजबुजा गांव में दीवार में नारा लेखन का कार्य किया गया। नारों के माध्यम से ग्रामीण जनों को आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवा, भावी एवं अन्य सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताना साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केंद्रों में जाकर अधिक से अधिक मतदान स्वयं करने तथा अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की गई।कार्यक्रम में डॉ अरविन्द सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. के. के. विश्वकर्मा तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, विद्यालय संचालक श्री धर्मपाल साहू, विक्रांत पाल साहू, मनोज कुमार चौधरी रासेयो स्वयंसेवक विक्रम जयसवाल, अनुज यादव, संतोष साहू, ललन लोहार, रामभजन, निखिल गुप्ता, सुलेखा विश्वकर्मा, शिवानी पटेल, निधी पटेल, शिवम गुप्ता, राम कृपाल रजक, मानसी मिश्रा, अमित पटेल, दीपांशु तिवारी, शिवानी सेन, शुभ सोनी, दीप्ति प्रजापति, शीतल प्रजापति, पूर्णिमा सोनी, शत्रु भान सिंह, विमल सिंह, रेशमा चौधरी, राज दुबे, सुभाष सोनी, साहिल, नरेंद्र बर्मन, पूर्व स्वयंसेवक रंगम गुप्ता, प्रकाश लोनी, शुभम श्रीवास्तव एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

## कैंडिल जलाकर ग्रामीणों को दिलाई मतदान की शपथ



कलेक्टर अवि प्रसाद ने विकासखण्ड कटनी के ग्राम पंचायत कन्हवारा के शासकीय स्कूल प्रांगण में, ''हम कन्हवारा है वोट करेंगे'' के नारे पर कैंडल लाईटिंग करने के बाद उपस्थित ग्रामीणों को मतदान अवश्य करने की शपथ दिलाई। कलेक्टर ने सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने और बिना किसी डर, भय और प्रलोभन के मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान तहसीलदार शशिभूषण सिंह, सीईओ कटनी प्रदीप सिंह, प्राचार्य डॉ चित्रा प्रभात और सहायक यंत्री श्री खर्द सहित कन्हवारा सरपंच एवं ग्रामीणजन बडी संख्या में मौजूद रहे। कलेक्टर श्री प्रसाद ने अपने भ्रमण के दौरान टिकरवारा जांच नाका का निरीक्षण किया। जांच नांका में डियुटी पर लगे कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते मिले। कलेक्टर ने जांच नाका पर मौजूद रजिस्टर का भी निरीक्षण किया।

# रामायण पाठ के बीच सेन समाज का वार्षिक मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला सेन समाज का वार्षिक मिलन समारोह गतदिवस शेर चौक स्थित श्रीवास पंचायती मंदिर में रामायण पाठ के बीच सम्पन्न हुआ। मिलन समारोह का शुभारंभ रामायण पाठ से हुआ। सेन समाज रामायण मंडल के द्धारा रामायण के तीन दोहों का संगीतमय पाठ किया। इसके बाद भजनों की प्रस्तुति दी गई।

समारोह में संतोष उसरेटे, पूर्व पार्षद शंकर सेन, प्रकाश सेन, श्यामलाल श्रीवास, अशोक श्रीवास, रमेश उसरेटे, जीतलाल श्रीवास, कमलेश श्रीवास, रामसहाय सेन, रोहित सेन, तपन निषाद, भवानी तिवारी, विवेक शुक्ला, पूरन श्रीवास, प्रेमलाल श्रीवास, संतोष श्रीवास, मुन्नी श्रीवास, पुन्नू श्रीवास, बलराम सेन, कल्लू सेन, कमलेश सेन, संजू सेन, संतोष सेन, श्याम सुंदर सेन, मुन्ना राज कुमार सेन, महेन्द्र सेन, शिवम सेन, नितिन गौतम, राजा सेन, अनूप सेन, राजेश सेन, मदन श्रीवास, पंकज सेन, महिला मंडल से प्रीती सेन, आशा श्रीवास, तुलसा बाई, अजंना श्रीवास, रूबी श्रीवास, नंदीनी श्रीवास सहित महिला एकता रामायण मंडल व युवा प्रगति संगठन के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। समारोह के अंत में जिला सेन समाज के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सेन ने आभार व्यक्त कर समारोह का समापन किया।

**संयुक्त टीम ने यादव ढाबा से खाद्य सामग्री के लिए सेम्पल**

# लाईसेंस नंबर भिन्न पाये जाने पर गुदरी स्थित महिला गृह उद्योग संस्थान सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम गुदरी स्थित ग्रामीण महिला गृह उद्योग संस्थान का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान इस संस्थान का लाइसेंस नंबर जारी एफएसएसएआई नंबर से भिन्न पाये जाने पर गृह उद्योग संस्थान को सील कर दिया गया।

### मौके पर नहीं मिला संचालक

मौके पर संस्थान की फैक्ट्री में खाद्य पदार्थ सेवईया ,पास्ता का निर्माण ,पैकिंग कर विक्रय हेतु संग्रह करना पाया गया। मौके पर उक्त फैक्ट्री के संचालक उपस्थित नहीं पाए गए तथा प्रभारी व्यक्ति संजय पांडे द्वारा बताया गया उनकी अनुपस्थिति में संस्थान का मेरे द्वारा संचालन किया जाता है। जांच के दौरान व्यवसाय का एफएसएसएआई लाइसेंस पूछने पर दिखाया गया। किंतु निर्माण किए जा रहे खाद्य पदार्थ के पैकेटों पर लाइसेंस नंबर एफएसएसएआई से जारी नंबर से भिन्न पाया गया। जिस पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 नियम 2011 के प्रावधानों के उल्लंघन में अवैध लाइसेंस नंबर से निर्माण, पैकिंग किए जा रहे खाद्य पदार्थ सेवइया, पास्ता एवम निर्माण में उपयोग के लिए रखे सूजी के नमूने जांच हेतु लिए जाकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजनें की कार्यवाही की जा रही है। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थ को फैक्ट्री के स्टोरेज में रखकर स्टोर को सील करने की कार्यवाही की गई है।

### यादव ढ़ावा की जांच

इसी क्रम में स्लीमनाबाद हाइवे में स्थित न्यू यादव ढाबा की जांच की गई इस दौरान दाल, चावल, आटा, पनीर, एवम मिश्री के सैंपल लिए जाकर जांच हेतु भेजेने की कार्यवाही की गई। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी ।

उक्त कारवाई एसडीएम राकेश चौरसिया, एसडीओपी अखिलेश गौर के मार्गदर्शन में, तहसीलदार राजकुमार नामदेव एवं अन्य अधिकारी, थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखिलेश दहिया, एसआई यादव, प्रधान आरक्षक अंजनी मिश्रा, पुलिस अधिकारी सहित खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी और बृजेश विश्वकर्मा की उपस्थिति में की गई।

**राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम रही विजेता**

# आओ खेलें वोट के लिए की थीम पर क्रिकेट टूर्नामेंट के दो मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित किये जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के द्वितीय दिवस गुरूवार को आयोजित दो मैचों मे राजस्व विभाग की टीम 15 रनों तथा पुलिस विभाग की टीम ने 125 रनों से शानदार जीत दर्ज की। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा मतदाता जागरूकता सेल्फी स्टेंड में सेल्फी लेकर तथा हस्ताक्षर अभियान में सहभागिता का मतदाता जागरूकता का संदेश प्रसारित किया। `आयोजित मैचों के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत एस.डी.एम कटनी प्रमोद कुमार मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल, सी.ई.ओ जनपद पंचायत कटनी प्रदीप सिंह सहित राजस्व विभाग, नगर निगम, पुलिस विभाग, बैंक के अधिकारियों और काफी संख्या मे दर्शकों की मौजूदगी रही।

मतदाता जागरूकता गतिविधयों के तहत 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट के द्वितीय दिवस गुरूवार को आओ खेलें वोट की थीम पर फारेस्टर प्ले ग्राउंड कटनी में नगर निगम एकादश और राजस्व विभाग के बीच तथा दूसरा मैच पुलिस ग्राउण्ड झिंझरी मे बैंक एकादश एवं पुलिस एकादश के बीच खेला गया। दोनों ही मैचों मे टीम के खिलाड़ियों ने बेहद गर्मजोशी, उत्साह और खेल भावना के साथ क्रिकेट मैच की शुरुआत की जो प्रतियोगिता समापन तक कायम रही।

### दिया 125 रन का लक्ष्य

क्रिक्रेट टूर्नोमेंट के 15 ओव्हर के निर्धारित मैच में राजस्व विभाग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए 14.2 ओव्हर में 10 विकेट खोकर शानदार 125 रन बनाये। वहीं जवाबी पारी में नगर निगम की टीम के खिलाडियों द्वारा भी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए जवाबी पारी में निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 ओव्हर में आठ विकेट खोकर 110 रन ही बना सकी, जिसके परिणामस्वरूप राजस्व विभाग की टीम ने 15 रनों से जीत दर्ज कर ली। मैच का ऑनलाईन स्कोर 795 लोगों द्वारा लाईव देखा गया।

टूर्नामेंट में आयोजित द्वितीय मैच में बैंक एकादश द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया गया। पुलिस एकादश की टीम द्वारा पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार खेल का प्रदर्शन कर 15 ओव्हर में 4 विकेट खोकर 202 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करनें मैदान पर उतरी बैंक एकादश की टीम 13.3 ओव्हर मे मात्र 77 रनों में ही ऑलआऊट हो गई। उक्त मैच को 477 लोगों द्वारा लाईव देखा गया।

### टीम के जीतने पर दी बधाई

मैच के दौरान दोनो ही टीमों के उत्कृष्ट बल्लेबाजों में से नगर निगम टीम के खिलाडी सचिन ने 33 बाल में 46 रन तथा राजस्व विभाग के मोहम्मद नाजिर ने 20 गेंदों पर 32 रन एवं राबिन सिंह ने 15 गेंदों पर शानदार 28 रन बनाए। वहीं नगर निगम के खिलाडी संदीप ने 3 ओव्हर मे 25 रन देकर 3 विकेट तथा राजस्व विभाग के खिलाडी विनीत सिंह बघेल ने 3 ओव्हर मे 16 रन देकर तथा राज ने 3 ओव्हर मे 20 रन देकर दो-दो विकेट झटके। मैच के दौरान दोनों टीमों ने शानदार खेल भावना की मिसाल प्रस्तुत की। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जिला प्रशासन की टीम को जीतने पर बधाई दी।

# दीवार लेखन से मतदान करने किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दीवार लेखन, शपथ, निबंध प्रतियोगिता, सेल्फी प्वाइंट जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत की सीईओ श्री शिशिर गेतावत के मार्गदर्शन में बुधवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था द्वारा ग्राम कटंगी कलॉ, सिमरापटी में मतदाता जागरूकता संबंधी प्रेरक नारों का दीवार लेखन किया गया। इस दौरान ग्रामीण मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से घर-घर रंग लगायेंगे-वोट डालने जायेंगे', 'सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो' लोकतंत्र का पर्व महान पहले वोट फिर जलपान, घर-घर अलख जगाएंगे वोट डालने जाएंगे, छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान, जागो-जागो हे मतदाता तुम हो भारत के भाग्यविधाता, बहकावे में कभी न आना सोच समझकर बटन दबाना जैसे नारे लेखन का कार्य किया गया। साथ ही मतदाताओं को निष्पक्ष एवं नैतिक मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

खबर संक्षेप

## निर्वाचक नामावली की दरें निर्धारित

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक नामावली की विक्रय दरें निर्धारित की गई है। नामावली प्रति उपलब्ध कराने की दर दो रूपए प्रति पृष्ठ नियत है। पवई विधानसभा क्षेत्र के 334 मतदान केन्द्रों के 15 हजार 260 पृष्ठ की नामावली की निर्धारित राशि 30 हजार 520 रूपए, गुनौर विधानसभा क्षेत्र के 277 मतदान केन्द्रों के 13 हजार 886 पृष्ठ की नामावली की निर्धारित राशि 27 हजार 772 रूपए तथा पन्ना विधानसभा क्षेत्र के 290 मतदान केन्द्रों की 14 हजार 763 पृष्ठ की नामावली के लिए 29 हजार 526 रूपए राशि निर्धारित की गई है। जिले के सभी 901 मतदान केन्द्रों के 43 हजार 909 पृष्ठ की निर्वाचक नामावलियों के लिए 87 हजार 818 रूपए राशि निर्धारित है। विधानसभावार निर्धारित दर पर निर्वाचक नामावली क्रय करने के लिए शुल्क राशि चालान द्वारा शासकीय कोषालय में निर्वाचन आय मद 0070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-निर्वाचन-ग-अन्य प्राप्तियां 02-निर्वाचन आय के तहत जमा कर चालान की मूल प्रति प्रस्तुत करने पर निर्वाचन नामावली प्राप्त की जा सकेगी।

## विजय खटीक का आकस्मिक निधन

**हिण्डोरिया।** नगर परिषद हिण्डोरिया की पूर्व अध्यक्ष कमलरानी खटीक के पति, रामकुमार खटीक के बडे.भाई एवं रवि कुमार- महेन्द्र कुमार खटीक के पिता स्व. श्री विजय कुमार खटीक का 69 वर्ष की आयु मे आकस्मिक निधन हो गया। उनकी शवयात्रा मे बडी.संख्या मे सभी वर्गो के लोगों ने भाग लेकर मृतात्मा की शांति हेतू श्रृध्दांजलि अर्पित की।

## बलराम साहू को पुत्र शोक



**हटा।** भारतीय जनता पार्टी हटा नगर के पूर्व मंडल अध्यक्ष बलराम साहू के इकलौते 35 बर्षीय पुत्र धर्मेंद्र साहू का बीमारी के चलते दुखद निधन हो गया बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र विगत एक वर्ष से पीड़ित था जिसका नागपुर में इलाज चल रहा था अचानक गुरुवार की सुबह 10 बजे घर पर ही निधन हो गया जिसका अंतिम नगर के मुक्ति धाम में किया गया जहां सभी वर्ग के लोगों ने सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि दी।

### गर्मी शुरू होते ही लगातार सामने आ रही आगजनी की घटनायें

# तीन गांवों में किसानों के खेत में लगी आग, फसल जलकर खाक



### करीबन 30 एकड़ खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार /सिग्रामपुर

गर्मी के मौसम में जैसे-जैसे पारा चढ़ रहा है आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। जबेरा तहसील के सिंगपुर भाट खमरिया सिमरी जालम में एक दिन तीन जगहों पर खेत खलियान आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। इसमें शार्ट सर्किट से लगी आग लाखों रुपये का नुकसान भी कई किसानों का हो चुका है। सिमरी जालम बस्ती के समीप खलियान के ऊपर से निकली बिजली लाइन मैं तेज हवाओं के चलते आपस में टकराए तारों में हुई स्पार्किंग से निकली चिंगारी से। खलियान में आग लग गई आज इतनी तीव्र गति से लगी ग्रामीण किसानों के लाख प्रसाद प्रयासों के बाद भी बिरसन सिंह /कल्यान सिंह, राम सिंह/ कल्यान सिंह, प्रहलाद धनगर/ बिहारी धनगर, ईश्वर सिंह/ खन्ना रैकवार, प्रकाश रैकवार, नरवद साहू, गोविंद सिंह की सारी की सारी फसल जलकर राख हो गई आग तेजी से बस्ती व बस्ती से लगे खेतो की ओर बढ़ रही थी जिस पर काबू पाने के लिए सामूहिक रूप से ग्रामीणों ने अथक प्रयास किया और पर नियंत्रण रखा इसके बाद तेंदूखेड़ा एवं दमोह से दमकल वाहन ने आकर आग पर पूरी तरह से काबू पाया।

**सिंग्रामपुर।** गुरूवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते हुए सिंगपुर हार में गेहूं खडी फसल में आग लग गई देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया लोग जब तक संभल पाते तब तक आग ने 25 से 30 एकड़ गेहूं कि खडी फसल में आग लग गई। सिंगपुर गांव के समीप यह हार लगा हुआ है। खेत के मालिक सुम्मा , गिरानी, रामलाल, जुगला , ग्यादीन जुगराज रघराज सभी चक्रवर्ती हैसन्तु ( धनगर) ने बताया कि आग लगने का स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। लगभग 30 एकड़ की गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई है। आठ से दस किसानों कि खेती शामिल है। डायल हंड्रेड दमकल की गाड़ी को दी गई लेकिन समय रहते हुये दमकल की गाड़ी नहीं पहुंची जिससे 30 एकड़ की फसल जलकर खाक हो गई।

### ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से 5 एकड़ की फसल स्वाहा

ग्राम भाट खमरिया ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से अचानक खेतों में आग लग गई देखते ही देखते आग ने कोहराम मचा दिया। ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाने के लिए भर्षक प्रयास किया गया और जैसे तैसे करके आग पर काबू तो पा लिया गया। लेकिन तब तक किसान पहले से लोधी का पूरा 5 एकड़ के खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर सुजान सिंह ने बताया बिजली विभाग की लापरवाही के चलते किसानों की तैयार खड़ी फसलें मैं कहीं शार्ट सर्किट तो ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी स्पार्किंग की वजह से आग लगने की घटनाओं से किसानों को लाखों का नुकसान हो रहा है। जैसा कि आज भाट खमरिया ग्राम में ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी की वजह से खेतों में आग लग गई और एक किसान की 5 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई शासन प्रशासन से आग से किसानों को ही क्षतिपूर्ति का तत्काल मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है।

## महाराजा अग्रसेन की महाआरती



**दमोह।** अग्रवाल समाज दमोह के द्वारा प्रत्येक माह के पहले हफ्ते में महाराजा अग्रसेन की महाआरती का आयोजन फुटेरा वार्ड दो स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में किया जाता है। इसी क्रम में 33वीं महा आरती का आयोजन किया गया जिसका सौभाग्य दमोह शहर के वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर पसारी परिवार को प्राप्त हुआ पं बृजेश पाठक के सानिध्य में सर्वप्रथम भगवान गणेश माता लक्ष्मी महाराज अग्रसेन का पूजन अर्चन किया गया। जिसके बाद महा आरती का आयोजन हुआ व प्रसाद वितरण किया गया। महा आरती में मुख्य रूप से अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रवि शंकर अग्रवाल, अग्रवाल महिला महासभा की प्रदेश महामंत्री रमा अग्रवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल युवा महासभा के संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल, समाज के वरिष्ठ राम गोपाल जी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुषों बच्चों की उपस्थिति रही।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा का लोगों ने किया भव्य स्वागत



**हटा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा दमोह लोकसभा के प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी का नामांकन जमा करवाने पन्ना से दमोह के लिए निकल रहे थे जहां विधानसभा के अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने विनती तिराहे पर पहुंचकर पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया ओर राहुल सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी मडियादो मंडल प्रभारी प्रदीप गुप्ता, कमलेश चौदहा, समाजसेवी प्रकाश गर्ग, गुड्डा चौहान सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## गायत्री परिवार ने कराया रोजा अफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

हिंदू मुस्लिम कौमी एकता के प्रतीक नगर हिंडोरिया में गायत्री परिवार की तरफ से स्थानीय जामा मस्जिद परिसर मे रमजान मुबारक के 23 वें रोजा के मौके पर मगरिब की नमाज के पूर्व एक यादगार सामूहिक रोजा अफतार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर रोजा अफतार के पूर्व सबसे पहले पेश ईमाम हाफिज तुफैल खान, हाफिज बसीम खान व्दारा तमाम आलम-ए- इंसानियत, अपने वतन एवं अपनी बस्ती की कौमी इकजेहती (एकता) , तरक्की, खुशहाली, कामयाबी, सेहतयाबी, अमन, शांति भाईचारा के हक मे ईश्वर- खुदा से आमीन की सामुहिक सदा के साथ दुआ मांगी गई। इसके बाद एक साथ एक सफ़ मे बैठकर सभी ने रोजा अफतार किया। इस मौके पर गायत्री परिवार के दुर्गा प्रसाद चौरसिया ने कहा कि ये गंगा जमुनी संस्कृति हमारी सदियों पुरानी धरोहर है । जिसके दम पर हमारा देश आज विश्व पटल पर लोकतंत्र का सबसे बडा. ध्वजवाहक बना हुआ है। जामा मस्जिद के सदर हाजी नवाब खान ने कहा कि बरसों से नगर के अनेक हिंदू भाई रमजान शरीफ के मौके पर रोजेदार भाइयों को रोजा अफतार कराते चले आ रहे हैं। नगर मे कौमी एकता का ये सिलसिला वर्षों से जारी है।और रहेगा। इस अवसर पर नारान सिंह बडेपुरा बारे, मुन्ना लाल साहू ने कहा कि अनेकता मे एकता ही हमारे राष्ट्र के मुख्य सशक्तिकरण का आधार है। इस पावन मौके पर बडी.तादाद में नगर के रोजेदार एवं नमाजी भाई मौजूद रहे।

## थाने में अभद्रता कर मोबाईल और पैसे छीने, लगाया आरोप

**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमाक 5 के निवासी गोविन्द अहिरवार ने एसडीओपी को आवेदन देकर थाने में पदस्त उपनिरीक्षक के उपर पैसा और मोवाईल छीने का गम्भीर आरोप लगाए है। आवेदन में कहां है कि ग्राम पांजी में मेरे रिस्तेदारो का विवाद हो गया था। जिसकी रिपोर्ट लिखाने थाने गए हुए थे। लेकिन उपनिरक्षक के द्वारा कोई रिपोर्ट नहीं लिखी गई उल्टा मारपीटकर मोवाईल छीन लिया साथ ही थाने में बैठा दिया था। कुछ देर बाद ये कहकर छोड दिया कि अब कभी नेतागिरी करते हुए थाने नहीं आना और गालियां देकर जेब में रखे 600 रूपए छीन लिए गए। उनका कहना था कि जिसका विवाद हुआ था तू उसके साथ क्यो आया है। कहीं का गुण्डा है। बेवजह गाली गलोचकर अभद्र व्यवहार किया गया है और मोवाईल मांगने पर नही दे रहे है। जिस पर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई गई है।

## मां कर्मा देवी जयंती पर रिलीज हो रही मेरी मां कर्मा फिल्म

**दमोह।** 5 अप्रैल को साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी की 1008 वीं जयंती पुरे देश प्रदेश में धूमधाम से मनाई जाएगी।इसी श्रंखला में दमोह जिले में भी मां कर्मा देवी जयंती मनाई जा रही है। भारतीय तेलीक साहू राठौर महासभा जनगणना अभियान के राष्ट्रीय संयोजक सत्येन्द्र साहू ने सभी साहू राठौर समाज से अपील करते हुए कहा कि साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी की 1008वीं जयंती समारोह पुरे देश प्रदेश में धूमधाम से मनाई जाएगी।दमोह में सुबह 8:30 बजे पूजा अर्चना की जाएगी। 9 बजे साहू धर्मशाला से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। हटा में कोशलाधीस मंदिर में सुबह 9 बजे से पूजा अर्चना दोपहर से प्रसाद वितरण किया जाएगा। हिंडोरिया में नन्नी माता से दोपहर एक बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी।शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।रनेह में दोपहर एक बजे शोभायात्रा निकालकर कोस्लाधीश मन्दिर में समापन किया जाएगा। शाहगढ़ में बगिया मौहल्ला से श्री राम पार्क तक दोपहर एक बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। रहली में शाम चार बजे नवदुर्गे गार्डन से शोभायात्रा निकाली जाएगी। बड़ा मलहरा में हनुमानबाग में सुबह 9बजे पूजा अर्चना शाम को लोक संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। देवरी में साहू समाज मन्दिर से सुबह 9ः 30बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी।

सत्येन्द्र साहू ने अपील करते हुए कहा आप सभी स्वजातीय बंधुओ से अपील है कि अपने अपने क्षेत्रों में मां कर्मा देवी जयंती समारोह में सपरिवार सम्मिलित हो कर धर्म लाभ अर्जित करें। एवम 5अप्रैल को ही बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही फिल्म मेरी मां कर्मा जरुर देखे। बड़े पर्दे पर ₹मेरी मां कर्मा₹ फिल्म 5अप्रैल को रिलीज होने जा रही है .फिल्म मप्र शासन ने टैक्स फ्री की हुईं हैं।अपील करने वालो में दमोह से चीकू साहू,अनुराग साहू, हटा से पन्नालाल साहू, लखन मोदी, देवरी से अशोक साहू, परसू साहू, बंडा शाहगढ़ से जगदीश साहू, रनेह से श्याम नायक, हिंडोरिया से राजेंद्र साहू, संजय साहू,बड़ा मलहरा से कोमल साहू सहित कई प्रमुखों ने अपील की है।

## तरवर सींग ने मांगा वकीलों से समर्थन



**दमोह।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी तरवर सिंह लोधी ने दमोह विधानसभा में सघन जनसंपर्क करते हुए कांग्रेसजनों के साथ कचहरी पहुंचकर अधिवक्ताओ से व्यक्तिगत मुलाकात करते हुए कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य जिस तरह का चल रहा है उसमें मंहगाई के मुद्दों से जनता को भटकाकर धार्मिक भावनाओ से आम जनता को छला जा रहा है और इस देश की राजनीति को लोकतंत्र को किस दिशा में मोड़ा जा रहा है यह परातंत्र की पराकाष्ठा है। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि उन्होनें अपने राजनैतिक जीवनकाल में जो नहीं देखा वह देख रहा हूं भाजपा सत्ता का दुरूपयोग कर गरीब महिलाओ को तरह तरह के सपने दिखा रही है किंतु घरातल पर यह है कि जब तक चुनाव है मतदाता की मौज है उसके बाद उसे कोई नहीं पूछता तो समझो मौत है। भगवती श्रीवास्तव, कमलेश भारद्वाज, पंकज खरे, गजेन्द्र चौबे, पप्पू नायक, नितिन मिश्रा, अरविन्द्र तिवारी, निधि श्रीवास्तव, मानक पटेल, प्रशांत हजारी, प्रदीप पटेल, परवीन बेगम सहित अनेक अधिवक्ताओं की उपस्थिति रहीं।

## मतदान करने सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के निर्देश

**दमोह।** निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश के समस्त संसदीय क्षेत्रों में लोकसभा के आम निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम 2024 जारी किया गया है। जिसमें दमोह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान 26 अप्रैल 2024 को होगा। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के पत्र में अवगत कराया गया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-घ के प्रावधान अनुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवसों को किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने हेतु सवैतनिक अवकाश प्रदान किये जाने के निर्देश है तथा यह उल्लेख है कि यह निर्देश ऐसे निर्वाचकों पर लागू नहीं होंगे जिनकी अनुपस्थिति से नियोजन में कोई खतरा या सारवान हानि (**Substantial**) स्वेद्र हो सकती है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक वेतन / आकस्मिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे।

## रोहणी नक्षत्र बुधवार के दिन हुआ था भगवान विष्णु का श्रीकृष्ण अवतार - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय स्टेडियम के पास सिविल वार्ड 7 में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने कहा कि भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्म मथुरा के कारागार में वसुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से हुआ था द्वापर युग में भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि की आधी रात को मथुरा के कारागार में वसुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था श्रीकृष्ण ने बुधवार को रोहिणी नक्षत्र में जन्म लिया था अष्टमी तिथि को रात्रिकाल अवतार लेने का प्रमुख कारण उनका चंद्रवंशी होना बताया जाता है श्रीकृष्ण चंद्रवंशी चंद्रदेव उनके पूर्वज और बुध चंद्रमा के पुत्र हैं इसी कारण चंद्रवंश में पुत्रवत जन्म लेने के लिए कृष्ण ने बुधवार का दिन चुना भगवान कृष्ण ने माता देवकी के आठवें संतान के रूप में जन्म लिया था कृष्णजी का जन्म मथुरा में मामा कंस के कारागार में हुआ था माता देवकी राजा कंस की बहन थी इसीलिए भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है कंस को सत्ता का लालच था उसने अपने पिता राजा उग्रसेन की राजगद्दी छीनकर उन्हें जेल में बंद कर दिया था और स्वंय को मथुरा का राजा घोषित कर दिया था राजा कंस अपनी बहन देवकी से बहुत प्रेम करता था उन्होंने अपनी बहन का विवाह वसुदेव से कराया था लेकिन जब वह देवकी को विदा कर रहा था तभी एक आकाशवाणी हुई कि देवकी का आठवां पुत्र कंस की मौत का कारण बनेगा यह सुनकर कंस डर गया उसने तुरंत अपनी बहन और उनके पति वसुदेव को जेल में बंद कर दिया उनके आसपास सैनिकों की कड़ी पहरेदारी लगा दी कंस अपनी मौत के डर से देवकी और वसुदेव की 7 संतानों को मार चुका था भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र दिन बुधवार की अंधेरी रात में भगवान कृष्ण ने देवकी के आठवें संतान के रूप में जन्म लिया श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही कोठरी प्रकाशमय हो गया तब तक आकाशवाणी हुई कि विष्णुजी ने कृष्ण जी के अवतार में देवकी के कोख में जन्म लिया है उन्हें गोकुल में बाबा नंद के पास छोड़ आएं और उनके घर एक कन्या जन्मी है उसे मथुरा ला कर कंस को सौंप दें भगवान विष्णु के आदेश से वसुदेव जी भगवान कृष्ण को सूप में अपने सिर पर रखकर नंद जी के घर की ओर चल दिए. भगवान विष्णु की माया से सभी पहरेदार सो गए कारागार के दरवाजे खुल गए आकाशवाणी सुनते ही वसुदेव के हाथों की हथकड़ी खुल गई वासुदेव जी ने सूप में बाल गोपाल को रखकर सिर पर रख लिया और गोकुल की ओर चल पड़े वसुदेव भगवान कृष्ण को लेकर नंद जी के यहां सकुशल पहुंच गए और वहां से उनकी नवजात कन्या को लेकर वापस आ गए जब कंस को देवकी की आठवीं संतान के जन्म की सूचना मिली वह तत्काल कारागार में आया और उस कन्या को छीनकर पृथ्वी पर पटकना चाहा लेकिन वह कन्या उसके हाथ से निकल कर आसमान में चली गई. फिर कन्या ने कहा हे मूर्ख कंस तूझे मारने वाला जन्म ले चुका है और वह वृंदावन पहुंच गया है वह कन्या कोई और नहीं स्वयं योग माया थीं नंद और यशोदा ने कृष्णजी का पालन-पोषण किया राजा कंस ने कृष्णजी का पता लगाकर उन्हें मारने की खूब कोशिश की. लेकिन कंस की सारी कोशिशें विफल हुई और कृष्णजी को कोई मार नहीं सका अंत में श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया राजा उग्रसेन को फिर मथुरा की राजगद्दी सौंप दी।

## वैश्य महासम्मेलन की महिला प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष का हुआ दमोह आगमन

**दमोह।** वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई द्वारा बैठक का आयोजन न्यू बृजवासी रेस्टोरेंट में संपन्न किया गया । इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यकारी महिला अध्यक्ष ज्योति जैन का जबलपुर से आगमन हुआ। दमोह महिला इकाई की सराहना करते हुए ज्योति जैन जी ने वर्ष में पांच कार्यक्रमों को प्रमुखता से करने कहा। जिसमें बसंत पंचमी, वैश्य दिवस ,हरियाली तीज, एवं गरबा महोत्सव प्रमुखता से मानना है। उन्होंने संगठन की शक्ति का



उदाहरण बताते हुए सभी को संगठित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। अपने उद्बोधन में संगठन के में एकता आपसी प्रेम संगठन की शक्ति के बारे में सभी को मार्गदर्शन दिया । वैश्य समाज को प्रेरणा पुंज बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां हर समस्या का समाधान हम सब मिलकर चुटकियों में कर लेते हैं। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष ऋतु अग्रवाल , जिला अध्यक्ष सुनीता गुप्ता ने भी संगठन की शक्ति को बताते हुए तहसील तक संगठन के विस्तार करने सभी को साथ मिलकर कार्य करने कहा। कार्यक्रम में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मालती असाटी,जिला प्रभारी विद्या असाटी, नगर अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, जिला महामंत्री नंदा असाटी, कोषाध्यक्ष शिप्रा, नगर प्रभारी साधना गुप्ता, नगर महामंत्री सविता गुप्ता, संरक्षक सुमित्रा , संस्कृति प्रमुख रमा, नीलम, सुनीता,अंजिता अर्चना, नगर उपाध्यक्ष शैलजा, रजनी ,डाली,माया, साधना, सोनिया, प्रमिला,शिखा, शोभा, शोभना, बबीता, सुनीता असाटी 2, रानू लवी बरखा के साथ जिले एवं नगर की सभी मुख्य पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रदेश कार्यकारिणी महिला अध्यक्ष ने सभी घटकों की बहनों से मिलकर उनके प्यार व स्नेह की काफी सराहना की सभी बहिनें उनका मार्गदर्शन पाकर खुश हुई ।बैठक में सभी महिलाओं ने मिलकर आने वाले 9 अप्रेल विक्रम संवत हिन्दू नव वर्ष चैत्र नवरात्र के गुड़ी पड़वा को वैश्य दिवस कार्यक्रम मनाने की रूपरेखा तैयार की । भोजन की व्यवस्था सुनीता गुप्ता एवं सुमन अग्रवाल के द्वारा की गई तथा सभी को उपहार भी दिए गए।

## क्षय रोग से बचाव हेतु बताया बीसीजी का वैक्सीनेशन का महत्व



**हटा।** सिविल हॉस्पिटल हटा के सीबीएमओ डॉक्टर उमाशंकर पटेल के निर्देशन में नवोदय विद्यालय हटा के शिक्षकों तथा उनके परिवारों के लिए क्षय रोग से बचाव हेतु 18 प्लस बीसीजी वैक्सीनेशन किया गया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल हटा के डॉक्टर सौरभ जैन द्वारा सभी शिक्षिकीय स्टाफ एवं उनके परिवारों के लिए क्षय रोग सुरक्षा चक्र अपनाने के लिए 18 प्लस बीसीजी वैक्सीनेशन का महत्व बताया गया। नवोदय विद्यालय प्राचार्य ए के त्रिपाठी जी द्वारा स्वयं वैक्सीनेशन करवाया गया और स्टाफ को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई सुविधा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। नवोदय विद्यालय की लेक्चरार श्रीमती सुनीता सोनी द्वारा अपने पूरे परिवार को क्षय सुरक्षा मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की। स्वास्थ्य विभाग से हटा पर्यवेक्षक बुद्धनलाल तंतुवाय,अरविंद कुमार नेमा,एएनएम/वैक्सीनेटर श्रीमती लीला अहिरवार आशा सुपरवाइजर श्रीमती राबिया कुरैशी एवं आशा श्रीमती मीना साहू उपस्थित रहे। नवोदय विद्यालय की नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती विशेषता बानो का सहयोग सराहनीय रहा।

### रोड शो जनसमूह देख बोले सीएम : जनता चुनाव लड़ रही है

# भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में सीएम ने किया रोड शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रियता जन-जन तक पहुंच चुकी है। जनता एक बार फिर श्री नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए लालायित है। पार्टी कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह है। जनता के समर्थन और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भारतीय जनता पार्टी दमोह ही नहीं, हर लोकसभा सीट पर बड़ी जीत हासिल करेगी। प्रदेश की सभी 29 सीटों पर जीत का इतिहास बनाएगी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने दमोह में पार्टी प्रत्याशी राहुल लोधी के समर्थन में आयोजित रोड शो के दौरान कही।

प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल एवं वरिष्ठ नेताओं ने राहुल लोधी का नामांकन जमा कराया।

**दमोह की जनता लुटा रही है अपार स्नेहः डॉ. मोहन यादव**

रोड शो के दौरान जनता का अभिवादन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दमोह की धरती पर यह रोड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनता का आशीर्वाद प्राप्त करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दमोह की जनता भारतीय जनता पार्टी पर अपार स्नेह लुटा रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी जन-जन में लोकप्रिय हैं और भारतीय जनता पार्टी का प्रयास हर व्यक्ति तक पहुंचकर लोकसभा चुनाव की दृष्टि से आशीर्वाद मांगना है। डॉ. यादव ने कहा कि जनता भाजपा सरकारों के कामों को पसंद करती है और उसे मोदी जी की कार्यप्रणाली पसंद है। डॉ. यादव ने कहा कि दमोह जैसे शहर में इतनी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति यह बता रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनसमर्थन का स्तर क्या है। उन्होंने कहा कि जनता का यह उत्साह बताता है कि लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से भाजपा का अबकी बार, 400 पार का नारा पूरा होगा। हम छिंदवाड़ा में भी जीत हासिल करेंगे और निश्चित रूप से प्रदेश की 29 की 29 सीटें भाजपा को मिलेंगी।

### भाजपा की तरफ से जनता लड़ रही है चुनावः विष्णुदत्त शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है और हमारे कार्यकर्ता उत्साह से भरे हैं। जनता ने तय कर लिया है कि एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाना है और जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए लालायित है। उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन और कार्यकर्ताओं के उत्साह के आधार पर भारतीय जनता पार्टी सभी 29 सीटें जीतकर इस बार इतिहास बनाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हर बूथ पर 370 नए कमल के फूल डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को समर्पित करने का लक्ष्य दिया है। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को प्रदेश के सभी 64523 बूथों पर न्यू ज्वाइनिंग का अभियान चलाया जाएगा और लाखों लोगों को मोदी जी के परिवार में शामिल करके नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा।

### शाम होने के कारण आधे रोड शो में सीएम श्री यादव वापिस लौटे पुनः दमोह आकर संवाद स्थापित करने का किया वायदा

**तीन गुल्ली चौराहे से भाजपा कार्यालय तक किया मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष ने रोड शो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने तीन गुल्ली चौराहे से भाजपा कार्यालय तक रोड शो किया और पार्टी प्रत्याशी श्री राहुल लोधी की विजय के लिए जनता से आशीर्वाद मांगा। रोड शो का जगह-जगह पर भव्य स्वागत हुआ। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व सांसद एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सागर संभाग प्रभारी चौधरी मुकेश चतुर्वेदी,पूर्व मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया, पूर्व मंत्री एवं रहली विधायक गोपाल भार्गव, राज्य मंत्री लखन पटेल, धर्मेंद्र सिंह, बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह, जिला प्रभारी सतानंद गौतम, लोकसभा प्रभारी विनोद यादव, जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह सहित हजारों ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।





### प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष हजारों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष दमोह जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल एवं श्रीमती मनीषा दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र बिदोलिया, जिला पंचायत सदस्य चंदन सिंह, राजकुमार गुप्ता, डॉ. आलोक अहिरवार सहित 1 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विष्णुदत्त शर्मा ने सभी को भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आप सभी लोगों का भाजपा परिवार में स्वागत है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा परिवार के साथ जुड़ने वाले आप सभी लोगों के मान-सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाएगा। आप सभी अपने-अपने क्षेत्र और बूथ में 370 नए मतदाता पार्टी में जोड़ने के लिए कार्य करें।

### आपका उत्साह परिणाम का सूचकः प्रहलाद पटेल

रोड शो के उपरांत आयोजित आभार सभा में शामिल हजारों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि आज कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर लग रहा है कि भले ही लोकसभा चुनाव का परिणाम 4 जून को घोषित किया जायेगा पर जीत पक्की हो गई हैं। उन्होंने कहा कि जब तक वोट नहीं पड़ जाएं तब तक आप सभी अपने उत्साह को कायम रखते हुए काम करते रहें। लोकसभा प्रत्याशी राहुल लोधी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया और कहा कि मैं आप सब लोगों के मान और सम्मान का ध्यान रखूंगा। आप सभी अपने अपने क्षेत्र में जाकर मोदी जी की राम राम जरूर पहुंचाएं। आभार सभा का संचालन जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने किया। इस सभा में, उमादेवी खटीक, पूर्व विधायक सोना बाई, दशरथ सिंह, डॉ विजय सिंह राजपूत,दीपू भार्गव, पूर्व सांसद चंदभान सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटैल ने कहा कि कांग्रेस को खजुराहों में प्रत्याशी नहीं मिल रहा था। यही हालत दमोह में थी। जैसे तैसे प्रत्याशी मिला तो वह मंच पर रोने लगे कि मुझे यहां क्यों फंसा दिया। ऐसी हालत है कांग्रेस की। उन्होने कहा कि गांधी जी ने आजादी के समय कहा था कि कांग्रेस को खत्म करना है इसी अब जरूरत नहीं जिसकी बागडोर राहुल सिंह ने उठा ली है व कांग्रेस कार्यककर्ताओं को भाजपा में शामिल करवा रहे है।

### 12 अभ्यर्थियोंने किये नाम निर्देशन पत्र दाखिल

दमोह। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 07-दमोह संसदीय क्षेत्र से आज रिटर्निंग आफीसर के समक्ष अपरान्ह 3 बजे तक 12 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये। नामनिर्देशन पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थियों में डालचंद ने निर्दलीय, नंदनलाल निर्दलीय, अमित कुमार दुबे इंडियन नेशनल कांग्रेस, अमित कुमार दुवे निर्दलीय, तरवर सिंह लोधी निर्दलीय, तरबर सिंह इंडियन नेशनल कांग्रेस, रामभजन बंशल समता पार्टी, दुर्गाबाई मझवार इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी, राहुल नायक निर्दलीय, राहुल सिंह भारतीय जनता पार्टी, राहुल अहिरवाल निर्दलीय एवं भगवानदास प्रजापति निर्दलीय ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया।

### मीडिया सर्टिफिकेशन एंड कम्युनिकेशन कक्ष का जायजा

दमोह। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 07 दमोह संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सीरम संबाशिवा राव एवं व्यय प्रेक्षक विनय कुमार कनथेती ने आज कलेक्टर कार्यालय में स्थित सी विजिल कक्ष, कंट्रोल रूम एवं मीडिया सर्टिफिकेशन एंड कम्युनिकेशन कक्ष का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित कक्ष में नोडल अधिकारियों से गतिविधियो एवं कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित कक्ष के नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों ने निर्वाचन के दौरान अपनाई जा रही प्रक्रिया से प्रेक्षक द्वय को अवगत कराया।

### स्कूटनी आज तथा नाम वापिसी की अंतिम तिथि 08 अप्रैल तक

दमोह। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुधीर कुमार कोचर ने कहा नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। स्कूटनी आज 05 अप्रैल, नाम वापिसी की अंतिम तिथि 08 अप्रैल को तथा मतदान 26 अप्रैल को संपन्न होगा। मतगणना 04 जून को संपन्न होगी तथा 06 जून 2024 तक निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होगी।

### किताबे और स्टेशनरी खरीदने में जल्दबाजी न करें-कलेक्टर

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के आम नागरिकों से कहा है नए शिक्षण सत्र में बच्चों की फीस, किताबें, स्टेशनरी, यूनिफार्म आदि विषयो पर यदि कोई शिकायत भेजना है तो कलेक्टर दमोह के ऑफिशियल मोबाइल नम्बर 7587968400 पर व्हाट्एप्प के माध्यम से भेजी जा सकती है। कॉल न किया जाए केवल मैसेज भेजे जा सकेंगे। यह नम्बर आज से काम करना प्रारंभ कर देगा। उन्होंने कहा शिकायत करते समय अपना नाम और पहचान बताना बिल्कुल आवश्यक नहीं है। यदि आप अपना नाम बताते भी हैं तो इसे पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा। शिकायत की जांच कराई जाएगी और सही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा किताबे और स्टेशनरी खरीदने के लिए जल्दबाजी न करें। जिला प्रशासन पुस्तक और स्टेशनरी मेले के आयोजन जैसी एक पारदर्शी क्रय-विक्रय व्यवस्था बनाकर लागू करने पर भी गंभीरता से विचार कर रहा है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिला प्रशासन जल्दी ही निजी स्कूलों और पुस्तक विक्रेताओं की बैठक भी आयोजित करने जा रहा है ताकि अधिनियम का कड़ाई से पालन कराया जा सके।




जगत पूज्य नियापिक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज का कुंडलपुर में भव्य मंगल प्रवेश

# आचार्य श्री का वैभव संरक्षित व संविर्धत हो यही प्रयास होगाः मुनि श्री सुधा सागर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बड़े बाबा की नगरी कुण्डलपुर में गुरूवार को पूज्य मुनि पुंगव श्री सुधार सागर जी महाराज की भव्य व ऐतिहासिक अगवानी श्रद्धालुओं द्वारा की गई। 'देखो देखो कौन आया, जिनशासन का शेर आया' के नारों के साथ रास्ते भर दिव्यघोष, डमरू, ढोल की ताल पर नृत्य करते बालिका मंडल, युवा मंडल, हाथों में तख्तियां लिये गुरूभक्तों का सैलाब पटेरा से लेकर कुण्डलपुर तक देखने को मिला। पटेरा ग्राम के जैन मंदिर से जैसे ही मुनिश्री ने कुंडलपुर की ओर बिहार किया पटेरा से लेकर कुंडलपुर तक जन सैलाब पूरे रास्ते में मुनिश्री की भव्य अगवानी में पलक पांवडे बिछाए नाचते गाते, नारे लगाते हुए चल रहा था। आगरा, कानपुर झांसी, ललितपुर, अशोकनगर, जबलपुर, बीनागंज, सागर, सांगानेर सहित अनेकों स्थानों से मुनिश्री के भक्त एवं शिवरार्थी बड़ी संख्या में आए ।ज्ञानोदय परिवार नारेली से सुसज्जित रथ गुरुवर हमको तारों राजस्थान पधारो का अलख जागता हुआ चल रहा था । शिव शक्ति डमरू पार्टी सागर एवं मुगावली बैंड पार्टी जनाकर्षण का केंद्र रही।

कुंडलपुर प्रवेश द्वार पर कुंडलपुर में पूर्व से विराजित सभी साधुओं का भव्य मंगल मिलन हुआ। इस अवसर पर कुंडलपुर में पूर्व से विराजित निर्यापक मुनि श्री प्रसादसागर जी, निर्यापक मुनि श्री अभय सागर जी ,निर्यापक मुनि श्री संभव सागर जी, मुनि प्रमाण सागर जी, मुनि श्री अजित सागर जी, मुनि श्री प्रभात सागर जी, मुनि श्री चंद्रसागर जी, मुनि श्री प्रणम्यसागर जी, मुनि श्री आनंद सागर जी, मुनि श्री निर्णय सागर जी , मुनि श्री विनम्रसागर जी, मुनि श्री विशदसागर जी ,मुनि श्री विराटसागर जी, आर्यिकारत्न श्री तपोमती माताजी ,आर्यिका श्री ऋजुमति माताजी, आर्यिका श्री चिंतनमति माताजी, आर्यिका श्री सौम्यमति माताजी ससंघ सभी शिष्यों का अभूतपूर्व मंगल मिलन हुआ। मंगल मिलन के समय मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज जहां पूरे संघ को बिना गुरूदेव के पाकर भावुक दिखे। इस अवसर पर कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष चंद्रकुमार सराफ, संयोजक वीरेश सेठ ,सहसंयोजक सुधा मलैया सहित पदाधिकारी सदस्यों के साथ, महोत्सव समिति के प्रभारी सदस्य ,उपस्थित हजारों भक्तगण, ब्रह्मचारी भैया जी, दीदी जी ,कुंडलपुर जैन समाज, कुंडलपुर स्टाफ आदि की उपस्थिति रही।

### अब बडडे आ गये है तो सब कुछ शीघ्र होगा

मिलन के पश्चात आचार्य भक्ति के पूर्व हुये प्रवचनों में निर्याप्रक मुनि श्री अभय सागर जी ने कहा कि जिस अवसर की प्रतीक्षा थी कि हमारे संघ के नायक हम सब के बीच मे उपस्थित हो, चतुर्विध संघ के सानिध्य में उनका विधिवत आचार्य पद पदारोहण महोत्सव हम सब मनायें, उसके लिये आचार्य भगवान की सभी सरितायें अपने अपने उदगम स्थल से महासागर की ओर प्रवाहमान होते हुये आ रहे है। जल्द ही हमारे ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण भी हमारे बीच होंगे। आज पूज्य मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी का पर्दापण कुण्डलपुर की पावन धरा पर हुआ है। बुंदेलखंड में एक कहावत है कि यदि पिता न हो, तो यदि बडडे यानि दाऊ (बड़े भाई) आ जाये तो अपना काम बन जाता है। तो अब जो काम हम सबको को करना है वह अतिशीघ्र संपन्न होगा और जिनशासन का सूर्य दिग दिगंतर तक जगमगायेगा।

### वस्तु के अभाव में वस्तु का मोल अनमोल हो जाता हैः सुधा सागर जी

आंख बंद करता हू तो पुराना दृश्य दिखता है। यही स्थान था, दो साल पहले जब गुरूचरणों की वंदना की थी। उस समय गुरू चरण वंदना के लिये आया था, परंतु आज हम सबको आना पडा। आज दुख का समय है तो आंसु नहीं, पिछली बार जो था वह आनंद का आसू था। वस्तु के अभाव में वस्तु का मोल अनमोल हो जाता है। इस संकट की घड़ी में हम सब साधु संतो को जिस अधर में छोड़ गये पूज्य गुरूदेव, मै तो गुरूदेव से आज शिकायत करूंगा कि आपने अच्छा नहीं किया। आपकी श्रमण चक्रवर्ती जैसी संपदा को सम्हालने का निर्णय हम लोग जैसे बौने कंधों पर बौनी बुद्धि पर छोड़ कर गये है। ये सारा जितना वैभव है हमारे पूज्य आचार्य महाराज का पुण्य, उनकी सोच, उनकी साधना व तपस्या का परिणाम है। एक निर्णय करने के लिये हम सबको इकटठा होना पड़ा, आचार्य श्री का वात्सल्य भरा हाथ ध्यान में आता है। अब कौन कहेगा, सुधा सागर कल से दहाडेगा। कौन देगा आदेश। अकलंक स्वामी ने राजवार्तिक में कहा गुरू के अनंत उपकार है, शिष्य उन पर क्या उपकार करे। गुरू ने जिस भावना से दीक्षा दी है उस भावना को पूर्ण कर देना ही गुरू पर उपकार है। पूज्य गुरूदेव की जो भावना रही, हम सब मिलकर यही विचार करें, की उस भावना को हम सब मिलकर साकार करें। व्यक्तिगत स्वार्थो का धर्म की ध्वज पर कोई स्थान नहीं होता। उन्होने इतने बडे कुटुम्ब को तैयार किया संस्कारित किया। आपकी जो भावना रही होगी, उसे हम सब संगठित होकर, एक नारे के साथ एक आवाज में एक ही आगाज हो। हमारे मत दो न हो, हमारे मन दो न हो, सबका मत व मन उनक आचार्य श्री का वैभव श्रमण संस्कृति का ध्वज को सदैव बनाये रखने के लिये होगा। जहां मुनियों के प्रति लोगो की अभाव की दृष्टि बन चुकी थी तब पूज्य गुरूदेव ने कुन्दन्द की परपंरा को मुनि चर्या पालन की और हम लोगो को कराई। कुन्द कुन्द को जीवित करने वाले, उनके विचारों को सिद्ध करने वाले उनका सारा वैभव सुरक्षित संरक्षित संवर्धित हो ऐसा हम सबका प्रयास होगा। किसी एक कंधे से इतना बड़ा वैभव नहीं उठ सकता है। 350 कंधे है लगभग, सारे मिलकर उठायेंगे तो शायद उठा पायेगें। भविष्य अच्छा हो, सब अच्छा था, आज अच्छा है, कल भी अच्छा होगा।

### गुरूदेव के शासन को पहले से और प्रगाढ़ और प्रबल बनायेंगे : मुनि श्री प्रमाण सागर जी

इसके पश्चात मुनि श्री प्रमाण सागर जी ने कहा कि आठ साल पूर्व मुनि श्री सुधा सागर जी से मिले थे। तब हम लोग गुरुदेव की आज्ञा से मिले थे परंतु अब हम लोग गुरूदेव की आज्ञा और उनके शासन को युग युगांतर तक जीवित बनाये रखने के लिये मिले है। हम सबको पूज्य गुरूदेव का जो सर्वोदयी शासन उसे पूरी गरीमा के साथ प्रतिष्ठापित करके रखना है। पिता की उपस्थिति में किये गये काम का पूरा क्रेडित पिता का होता है। पिता के जाने के बाद पिता के काम को व पिता के नाम को जीवंत रखना सुपुत्र का काम होता है। अब हम सब की यह जिम्मेदारी है पूज्य गुरुदेव के उस विरासत को हम अक्षुण्ण्य बना कर रखें। आचार्य श्री कोई साधारण आचार्य नहीं जिनशासन की महान विभूति थे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम लोग गुरूदेव के इस शासन को पहले से और प्रगाढ़ और प्रबल बनायेंगे, उनका आर्शीवाद हम सब पर बरसेंगा। बहुत जल्दी ही बडे महाराज भी यहां आयेगें, हम सबको उनकी प्रतीक्षा है ताकि हम सब मिलकर गुरूदेव के सभी सूत्रों पर मंथन करें, व ऐसा अमृत निकालें जिसका आचरण करके जिनशासन का हर अनुयायी उस अजर अमर अविनाशी पद को प्राप्त कर सके।

### निर्वाचन आयोग के पोस्टल बैलेट के संबंध में गाईड लाईन जारी

दमोह। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार मध्यप्रदेश राज्य के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य शिक्षा विभाग, गृह विभाग (अग्निशमन बल), मीडिया कर्मी जिन्हें मतदान दिवस की गतिविधियों को कवर करने के लिए आयोग की मंजूरी से प्राधिकरण पत्र जारी किए गए हैं एवं ऊर्जा विभाग आदि 4 श्रेणी के मतदाताओं को अत्यावश्यक सेवाएं के अंतर्गत अधिसूचित किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने संभी संबंधितों से कहा है भारत निर्वाचन आयोग के पोस्टल बैलेट के संबंध में जारी गाईडलाईन का भलीभांति अध्ययन करें तथा अत्यावश्यक सेवाएं के संबंध में बिन्दु 15 एवं 16 का विशेष रूप से अध्ययन कर लें, उक्तानुसार श्रेणियों के लिए पोस्टल बैलेट संबंधी तैयारियों की व्यवस्था अविलम्ब सुनिश्चित की जायें। प्रत्येक जिला निर्वाचन अधिकारी अपने जिले के लिए अत्यावश्यक सेवाएं हेतु एक जिला नोडल ऑफिसर (अत्यावश्यक सेवाएं) की नियुक्ति करेंगे। आयोग के पत्र अनुसार वर्णित श्रेणियों के लिए प्रत्येक जिले के विभाग/ कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी को विभागीय नोडल ऑफिसर (विभाग) नियुक्त कराने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जाएं तथा उनकी ब्रीफिंग कर फॉर्म 120 पर्याप्त संख्या में प्रदाय किए जाये, ताकि अत्यावश्यक सेवाएं के तहत जो मतदान दिवस पर अपनी ड्यूटी पर रहेगें उन्हें फॉर्म 120 वितरित किए जा सकें। यह पोस्टल बैलेट की सुविधा ऐच्छिक है, अतः यह जरूरी नहीं है कि फॉर्म 120 अनिवार्य रूप से भरना ही है। विभागीय नोडल ऑफिसर (विभाग) का दायित्व है कि फॉर्म 120 संबंधित पात्र निर्वाचकों को वितरित करें तथा जो निर्वाचक अत्यावश्यक सेवाएं के तहत पोस्टल बैलेट के पात्र हैं उनके फॉर्म 120 के भाग-2 में प्रमाणित करें तथा प्राप्त फॉर्म को जिला नोडल अधिकारी (अत्यावश्यक सेवाएं) को नोटिफिकेशन के 05 दिवस के भीतर प्रदान कर दें। यहां यह उल्लेखनीय है कि संबंधित विभाग/कार्यालय के लिए नियुक्त विभागीय नोडल ऑफिसर (विभाग) को फॉर्म 120 वितरण एवं उसकी पावती लेकर संधारित करना तथा उसको जिले के जिला नोडल अधिकारी (अत्यावश्यक सेवाएं) को फॉर्मों के साथ ही जमा करना होगा। जिला नोडल अधिकारी (अत्यावश्यक सेवाएं) अपने जिले में लगने वाले लोकसभा क्षेत्र के अनुसार फॉर्म संबंधित आर.ओ./ए.आर.ओ. को सौपेगें। उन्होंने कहा अभ्यर्थियों को इस संबंध में अनिवार्य सूचना प्रदान की जाएं ताकि वह आयोग के निर्देशों के अनुरूप पोलिंग ऐजेन्ट नियुक्त कर सकें।